हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 16 अप्रैल 2024

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 मतदान सामग्री परिवहन के लिए शासकीय वाहन का ही...



07 गरीबी लाइन अंडर पास में भरा बारिश का पानी...



### चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर आज होगी मां महागौरी की आराधना

# आदिशक्ति मां भवानी की भक्ति में लीन हुए नर्मदांचल के देवी उपासक

पतित पावनी मां नर्मदा की धार्मिक नगरी में चैत्र नवरात्र का पर्व आस्था के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार को अष्टमी तिथि पर देवी उपासकों द्वारा हवन शांति और कन्या पूजन के साथ धार्मिक आयोजन किये जाएंगें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

चैत्र नवरात्र के नौ दिनों तक देवी उपासकों द्वारा मां भवानी के अलग अलग स्वरूपों की पूजा की गई। इन नौ दिनों में से अष्टमी और नवमी तिथि को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। अष्टमी और नवमी तिथि का महत्व और शुभ मुहूर्त में पूजा का विशेष महत्व है।

### इसलिए भी खास है अष्टमी और नवमी तिथि

माना जाता है कि नवरात्र में अष्टमी और नवमी तिथि पर कन्या पूजन करने से व्यक्ति को हर प्रकार के दुख व कष्ट से मुक्ति मिल जाती है। साथ ही घर में मां लक्ष्मी का वास बना रहता है। वहीं, पैराणिक मान्यताओं के अनुसार, चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भी भगवान राम का भी जन्म हुआ था। इसलिए नवरात्र के आखिरी दिन यानी नवमी तिथि पर रामनवमी मनाई जाएगी।



### अष्टमी शुभ मुहूर्त

चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि का प्रारंभ 15 अप्रैल रात्रि 12 बजकर 11 मिनट पर हो रहा है। वहीं, इस तिथि का समापन 16 अप्रैल को रात्रि 01 बजकर 23 मिनट पर होगा। ऐसे में नवरात्र की अष्टमी तिथि का व्रत 16 अप्रैल मंगलवार को किया जाएगा।

### नवमी तिथि शुभ मुहूर्त

चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि का प्रारंभ 16 अप्रैल को 01 बजकर 23 मिनट पर प्रारंभ हो रही है। वहीं, इसका समापन 17 अप्रैल को दोपहर में 03 बजकर 14 मिनट पर होगा। ऐसे में नवमी 17 अप्रैल, मंगलवार को मनाई जाएगी।

### आज से होगा ज्वारे का विसर्जन

नवरात्र में देवी उपासना करने वाले भक्तों द्वारा देवी की स्थापना के साथ साथ मनवांछित फलों की कामना करते हैं। इस दौरान नौ दिनों तक ज्वारे रखकर देवी की पूजा अर्चना की जाती है। इस कठिन तपस्या के बाद अष्टमी से भक्त बड़े धूमधाम के साथ पवित्र नदियों में ज्वारे का विसर्जन करते हैं। मंगलवार को नर्मदाचंल में भक्तों द्वारा नर्मदा नदी में ज्वारे का विसर्जन किया जाएगा।

### कन्या पूजन व कन्या भोज का आयोजन

चैत्र व शारदीय नवरात्र में महा गौरी की आराधना अष्टमी पर भक्तो द्वारा की जाएगी। वहीं जगह जगह विराजित मां भगवती की प्रतिमा के समक्ष पंडालों में हवन पूजन एवं शांति पाठ का आयोजन होगा। वहीं देवी भक्तों द्वारा घरों घर देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन एवं कन्याओं को भोग प्रसादी का वितरण किाय जाएगा। हालांकि संपूर्ण नवरात्र में कन्या भोजन का आयोजन जारी रहा है।

### कल मनेगी रामनवमी

चैत्र नवरात्र में नवमी तिथि पर एक ओर जहां देवी उपासक मां भवानी की आराधना करेंगे। वहीं बुधवार को श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन धूमधाम के साथ संपन्न होगा। इस अवसर पर मंदिरों एवं देवालयों में मध्यान्ह 12 बजे भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान जगह जगह श्रीराम संकीर्तन का आयोजन भी होगा। पं. शिशिर दुबे ने बताया कि मंगलवारा घाट स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में अलसुबह से ही भगवान श्रीराम का कीर्तन दैनिक कीर्तन समिति द्वारा अखंड किया जाएगा।

### शुभ मुहूर्त मं होगी पूजन

पं. अजय परसाई ने बताया कि चैत्र नवरात्र की अष्टमी को माता महागौरी की पूजन शुभ मुहूर्त में होगी। वहीं नवमीं तिथि को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव भी शुभ मुहूर्त में मनाया जाएगा। सभी वर्गों को मनाने के लिए नर्मदांचलवासियों द्वारा धार्मिक व्यवस्थाएं व तैयारियां की गई है।

# कांग्रेस ने जारी किया न्याय पत्र, हर वर्ग के साथ न्याय करेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



पिछले 10 सालों से देश में हर वर्ग के साथ सरकार द्वारा अन्याय किया जा रहा है। जिससे समाज में पिछड़ापन को बढ़ावा मिल रहा है। आगामी 5 साल के लिए यदि राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी व इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो सरकार हर वर्ग के साथ न्याय करेगी और उन्हें अपना अधिकार दिलाएगी। यह बात सोमवार को मप्र कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित संभागीय पत्रकारवार्ता में मप्र कांग्रेस के प्रवक्ता राजकुमार केलु उपाध्याय एवं स्पर्श चौधरी ने कही। इस मौके पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी, पूर्व नगर अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश प्रवक्ता उपाध्याय ने बताया कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने करीब 4 हजार किमी की भारत जोड़ो पदयात्रा पूर्व में की।

वहीं करीब 6 हजार 700 किमी की पदयात्रा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से की। इस दौरान उन्होंने देश के करोड़ों नागरिकों से उनके दुख दर्द और समस्याओं की जानकारी ली। वहीं समस्याओं के समाधान को न्याय पत्र में शामिल किया। उन्होंने युवाओं को न्याय दिलाने के लिए 1 लाख रूपए अप्रेंटिसशिप का अधिकार, खाली पदों की भर्ती के लिए 30 लाख नौकरियां, पेपर लीक, युवा रोशनी के माध्यम से युवाओं को 5 हजार करोड़ का नया स्टार्टअप फंड बनाने का भरोसा दिया। इसी तरह हर शिक्षित युवा की पहली नौकरी पक्की जिसमें 1 लाख रूपए का वेतन, किसानों के लिए कर्जमाफी और स्वामीनाथन फार्मूले वाले एमएसपी की कानूनी गारंटी, गरीब परिवार की महिलाओं को हर साल 1 लाख रूपए देने, श्रमिक न्याय के माध्यम से मजदूरी करने वाले श्रमिकों को मनरेगा में 400 रूपए प्रतिदिन कम से कम मजदूरी देने का वादा किया है। वहीं सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति, हर वर्ग की गणना की जाएगी।

### एग्जिट पोल तथा इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार 19 अप्रैल से एक जून तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान प्रथम चरण की मतदान तिथि 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के किसी भी प्रकार के प्रदर्शन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### आदर्श महिला शक्ति ने ली मतदान करने की शपथ

**नर्मदापुरम।** स्थानीय जनपद पंचायत नर्मदापुरम के सभागृह में आदर्श महिला शक्ति संकुल स्तरीय संगठन के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई । बैठक के बाद जनपद पंचायत सीईओ हेमंत सूत्रकार ने समूह की सभी सदस्यों से मतदाता जागरूकता अभियान पर चर्चा की एवं किस प्रकार सभी समूहों में अभियान चलाया जा रहा है इस पर भी चर्चा की अंत में सभी सदस्यों के साथ मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। आदर्श महिला शक्ति संकुल स्तरीय संगठन की अध्यक्ष पुष्पा कटारे ने बताया कि संकुल के अंतर्गत 36 ग्राम संगठन समूह सम्मिलित हैं।

# नर्मदापुरम ने बैतूल को हराकर जीती स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एमपीसीए ग्राउंड पर जारी सीनियर गर्ल्स इंटर डिसट्रिक्ट प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोमवार को नर्मदापुरम एवं बैतूल बीच खेला गया। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि बैतूल जिले की टीम ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवरों में 5 विकेट खोकर 133 रन बनाए।

जिसमें कल्याणी यादव ने सर्वाधिक 69 एवं अलीशा यादव ने 25 रनों का योगदान दिया। नर्मदा पुरम की ओर से गेंदबाजी करते हुए माही ठाकुर ने 3 विकेट और वेदांशी एवं पूजा ने 1-1विकेट लिया । लक्ष्य का पीछा करने उतरी नर्मदापुरम जिले की टीम ने आसानी से लक्ष्य को 10 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। नर्मदा पुरम की ओर से दोनों सलामी बल्लेबाज माही ठाकुर ने 65 रन एवं अनामिका ने 46 रनों का योगदान दिया। इस तरह नर्मदा पुरम ने यह मैच 10 विकेटों से जीत कर ट्राफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि अनुराग मिश्रा मानसेवी सचिव नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ, राजेश चौरे उपाध्यक्ष नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ, दिलीप नामदेव चेयरमैन गर्ल्स सिलेक्शन कमेटी, सुनील शर्मा कोच एनडीसीए, वर्षा पटेल कोच गर्ल्स टीम, खुशबू शर्मा मैनेजर गर्ल्स टीम ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया।

# दिव्यांग विद्यार्थियों ने निकाली रैली दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




रसूलिया स्थित सहयोग विशेष आवासीय विद्यालय के दृष्टिबाधित विद्यार्थियों ने आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए दिव्यांग मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया। इसमें छात्र छात्रों ने दिव्यांगों को मतदान देने के महत्त्व एवं अधिकार के विषय में बताया।

अभियान में विद्यालय के यश मीणा, ऋषिका भल्लावी, रश्मि ककोडिया सहित छात्र छात्राओ ने मतदान के विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसमे दिव्यांगों को मतदान देते के लिए प्रेरणा दी लोगो ने नाट्य प्रस्तुतीकरण की सराहना की, विद्यार्थियों ने सड़क पर जाकर मतदान के लिए नारे लगाए तथा लोगो को मतदान लिए जागरूक किया एवं विद्यालय में मतदान की रंगोली बनाई। जानकारी देते हुए संस्था के निदेशक डॉ. आशीष चटर्जी ने बताया कि मतदान जागरूकता के लिए हमारे विद्यार्थी सदैव कार्यक्रम आयोजित करते रहे हैं। वर्तमान में भी वे आम जनता को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार कार्य कर रहें हैं।

# केन्द्रीय जेल में चिकित्सकों ने किया बंदियों के स्वास्थ्य का परीक्षण

## शिविर लगाकर की जांच और हुआ दवा का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में निरुद्ध बंदियो के लिए जेल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस जेल में निरुद्ध बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय के चिकित्सको द्वारा शिविर लगाया गया।

अधीक्षक केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि उक्त स्वास्थ्य शिविर में जेल में निरुद्ध पुरूष बंदी 331 एवं 76 महिला बंदियों एवं पुरुष एवं महिला बंदियों के साथ रह रहे 6 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उपचार दिया गया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों , वार्ड वाय सहित जेल स्टाफ एवं अन्य का उक्त स्वास्थ्य प्रशिक्षण में महती सहयोग प्राप्त हुआ।

### नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक आज

**नर्मदापुरम।** निर्वाचन तैयारियों के प्रयोजन के लिए बनाए गए सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना की अध्यक्षता में 16 अप्रैल मंगलवार को सुबह 10 बजे टीएल बैठक के साथ आयोजित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीके सिंह ने सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों को निर्धारित समय पर कलेक्ट्रेट के रेवा सभा कक्ष में सभी जानकारियों सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए है।

### चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे

**नर्मदापुरम।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इसके लिए अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। राजन ने कहा है कि रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, हैण्डबिल, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/ प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि रैली आयोजन के लिए किराये/भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा भाग ली गई किसी रैली/प्रदर्शित फोटो/मंच साझा करने आदि पर किये गये सभी व्यय भी अभ्यर्थी के चुनाव प्रचार व्यय लेखे में जोड़े जायेंगे।

### बारिश हो या मौसम गर्म, निभाना है हमें लोकतंत्र का धर्म

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन मे सारिका का मतदाता जागरूकता कार्यक्रम लोकसभा चुनावों के लिये अब कुछ ही समय शेष रह गया है। इसमें हर मतदाता करे मतदान इस बात के लिये जागरूक करने स्वीप आइकॉन सारिका घारू कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन मे विभिन्न कार्यक्रम कर रही है। इसमें भारत निर्वाचन आयोग के समय-समय पर दिये जा रहे निर्देशों के अनुसार मतदाताओं को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है। सारिका ने बताया कि मतदान की दिनांक को गर्मी की संभावना को देखते हुये निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों पर टेंट, मेडिकल किट और पानी जैसी जरूरी व्यवस्थाएं की हैं। वहां गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगों का विशेष ध्यान रखने वालंटियर भी होंगे। मौसम बाधा न बने इस बात के लिए मतदाताओं को प्रेरित करते हुये सारिका ने कहा कि कर लीजिये तैयारी पांच साल के लिये आपके प्रतिनिधि के चुनाव की। करना है सौ प्रतिशत मतदान और लोकतंत्र को बनाना है महान।

### बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान कर अपनी महती जिम्मेदारी निभाई

# 85 प्लस आयु वर्ग व दिव्यांगों ने घर से ही किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना के निर्देशों के परिपालन में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद में 85 प्लस आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की होम वोटिंग अर्थात घर-घर जाकर मतदान दलों द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया। 85 प्लस के एवं दिव्यांग मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी सक्रिय एवं महती जिम्मेदारी निभाई।

सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 137-होशंगाबाद ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि विधानसभा क्षेत्र-137 होशंगाबाद अंतर्गत कुल 179 ऐसे 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाताओं द्वारा होम वोटिंग की सहमति दी गई जो मतदान केन्द्र तक जाकर मतदान करने में असमर्थ थे।

इन मतदाताओं के घर 13 एवं 14 अप्रैल को जाकर मतदान दलों द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया। बताया गया कि 85 प्लस आयु वर्ग के मतदाता रामरति पाल, सिया दुलारी दुबे आदि तथा दिव्यांग मतदाताओं में दीपेश सराठे, शेख जायेद आदि द्वारा उत्साहपूर्वक मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विधानसभा 137-होशंगाबाद के कुल 179 दिव्यांग एवं 85 प्लस के मतदाताओं ने घर बैठे ही मतदान किया। विधानसभा 136 सिवनीमालवा अंतर्गत डोलरिया की 87 वर्षीय तिजीला बाई, बीसारोडा की 86 वर्षीय रामेती बाई एवं 87 वर्षीय बुल्को बाई, 92 वर्षीय मिसरोद की सुन्दर बाई बामने तथा 92 वर्षीय तुलाराम गौर एवं, डोलरिया की 88 वर्षीय राजकुमारी बाई एवं 87 वर्षीय कंचन बाई ने घर बैठे ही मतदान की सुविधा का लाभ लिया। वहीं बम्मनगांव कलां की दिव्यांग आकांक्षा पिता रामाधार उम्र 19 वर्ष नें भी घर से ही मतदान किया। सभी बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने भारत निर्वाचन आयोग, जिला प्रशासन एवं मतदान दलों का आभार व्यक्त किया कि उन्हें इस उम्र में घर बैठे ही मतदान करने की सुविधा मिल पाई।

# होमसाइंस कॉलेज में शिविर लगाकर किया छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में सोमवार को समाजशास्त्र विभाग, एनएसएस एवं जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वाधान स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन डॉ. कामिनी जैन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देशानुसार उमंग उच्च शिक्षा एवं वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिला चिकित्सालय एसीएमएचओ डॉ. दिनेश देहलवार के सहयोग से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उमंग समन्वयक कविता सालवे एवं उनकी टीम द्वारा छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया टीम में डॉ. अथर असलम, डॉ. अंजली वर्मा, डॉ. उमेश उईके, डॉ. ज्योति कटारे, आयुष चिकित्सक एएनएम सविता मेहरा, वर्षा पवार द्वारा छात्राओं की खून की जाँच की गई है। दिनेश पटैल आडियोलॉजिस्ट ने कान की एवं सजल परसाई ने आंखों का परीक्षण किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने बताया कि महाविद्यालय में समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता रहा है जिसमें एनेमिक छात्राओं की पहचान कर उनको पोषण विभाग द्वारा आहार परामर्श एवं पोषण से संबंधी जानकारी प्रदान की जाती है जिन छात्राओं को नेत्र संबंधी समस्या होती है उन्हें भी विटामिन ए से युक्त पहुँचे पदार्थों के सेवन हेतु प्रोत्साहित किया जाता है वर्तमान समय में मोबाइल एवं ईयरफ़ोन का उपयोग अधिक होने के कारण कानों की समस्याएं भी अधिक देखी जा रही है समस्त छात्राओं को मोबाइल एवं ईयरफोन के अधिक प्रयोग के दुष्परिणाम भी बताए जाते है। जिला चिकित्सालय द्वारा निःशुल्क आयरन की दबाईयां प्रदान की गई। शिविर में लगभग 254 छात्राओं का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर डॉ. कंचन ठाकुर, डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, डॉ. हर्षा चचाने, डॉ. रागिनी सिकरवार, डॉ. आकांक्षा चौधरी, डॉ. रीना मालवीय, एवं अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### बस स्टैंड पर खड़ी बस में अचानक लगी आग

**बैतूल।** भैंसदेही से बैतूल -सारणी टाईम लेकर जा रही महाराजा बस क्र. 1857 बस स्टैंड गुदगांव चौपाटी पर सवारी लेने के लिए रुकी हुई थी कि अचानक वायर शॉट होने से बस का हार्न तेजी से बजने लगा और देखते ही देखते बस में आग लग गई जिससे बस में सवार यात्रियो में हडक्रम्प मच गया । बस के ड्राइवर कंडेक्टर, क्लीनर एवं बस एजेंट की सूझबूझ से तत्काल सभी यात्रियों को बस से नीचे उतारा गया तथा पानी की मदद से तत्काल आग को बुझाया गया। जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया । संभावना व्यक्त की जा रही है कि वाहन में अचानक शार्ट सर्किट होने के कारण आग लगी थी जिसे सूझबूझ के चलते आग पर काबू पा लिया गया तथा एक बड़ी दुर्घटना होते-होते टल गई । लोगों में चर्चा है कि अगर बस गुदगांव बस स्टैंड पर खड़ी रहने की बजाय सडक़ पर चलती हुई रहती तो कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी । ड्राइवर ह्यकंडक्टर क्लीनर एवं बस एजेंट की सूझबूझ की लोगों ने तारीफ की है।

### कालीमाई के जंगल में लाश मिलने से सनसनी

**बैतूल।** सारनी थाना क्षेत्र कालीमाई के जंगल में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बिज्जू देशमुख 52 वर्ष पिता शंकर देशमुख क्लब कालोनी शोभापुर के रूप में हुई है। मौत का कारण अज्ञात है। पुलिस जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ खुलासा हो पायेगा। प्राप्त जानकारिनुसार मृतक सुबह घर से निकला था। बताया जा रहा है की बिज्जू अक्सर कालीमाई पर बैठा दिखाई देता था। जंगल में श० का मिलना संदेहास्पद है। वही शव काला पड़ चुका था। जो जांच का विषय है। इनका कहना है जंगल में 52 वर्षीय बिज्जू देशमुख पिता शंकर देशमुख क्लब कालोनी शोभापुर का शव मिला है । मौत का कारण अज्ञात है। विवेचना जारी है।

### थाना चोपना ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बैतूल।** थाना चोपना जिला बैतूल दिनांक 16/ 1/24 को थाना चोपना क्षेत्र की फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई की उसकी 14 साल 6 माह की नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फूसला कर भगा कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 19 /2024 धारा 363 भादवी का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था अपहर्ता एवं अज्ञात आरोपी की लगातार तलाश की जा रही है थी वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना चोपना से टीम का गठन किया गया था विवेचना में तकनीकी संसाधनो का प्रयोग करते हुए अपहर्ता को जिला राजगढ़ से बरामत किया गया एवं आरोपी संजय पिता राम प्रसाद प्रजापति को राजगढ़ जिला से गिरफ्तार किया गया नाबालिक को भगाने में सहयोग करने पर आरोपी के चाचा मंगल पिता छोटा भाऊ प्रजापति उम्र 39 वर्ष निवासी चोरपानडरा थाना रानीपुर को गिरफ्तार किया गया सराहिनी भूमिका ह्यद्व राकेश सरयाम ड्ढह्यद्व राजेश कलम आरक्षक 700 आशुतोष महिला आरक्षक 692 संदीपा कवरेती का योगदान रहा।

### चलती बाइक पर कूदा बारहसिंगा, दंपति घायल

**बैतूल।** भोपाल नेशनल हाईवे पर रविवार रात एक चलती बाइक पर बारहसिंगा कूद गया। घटना में बाईक सहित दंपत्ति खाई में गिर गए। जिन्हें गंभीर चोट आने पर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती किया है। जानकारी के अनुसार मानवेंद्र सिंह कुशवाहा (36) वर्ष और उनकी पत्नी प्रियंका कुशवाह (28) निवासी शाहपुर दोनों पति-पत्नी बाजारों और मेलों में नाश्ते की दुकान चलाते हैं। कुछ दिनों से वे गांव केसिया में लगे मेले में नाश्ते की दुकान चला रहे हैं। रविवार रात यह दंपती शाहपुर में रह रहे अपने बच्चो के घर में अकेले होने के कारण उनसे मिलने बाइक से जा रहे थे। रात करीब 2 बजे दोनों बाइक से बरेठा घाट के उतार में उतर रहे थे। तभी रास्ते में बरेठा घाट मंदिर के पास स?क पर अचानक एक बारहसिंगा बाइक पर कूद प?ा। उसने बाइक को साइड से अपने सिंग से टक्कर मार दी। इससे बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। घटना इतनी अचानक हुई की पति पत्नी को बचने और संभलने का मौका ही नहीं मिला।

## आब्जर्वर प्रदीप ठाकुर की उपस्थिति में सेक्टरअधिकारियों का प्रशिक्षण

# मतदान सामग्री परिवहन के लिए शासकीय वाहन का ही उपयोग करें: आब्जर्वर ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




सेक्टर ऑफिसर्स अपने-अपने सेक्टर के सभी मतदान दलों का सामग्री प्राप्ति स्थल से मतदान केन्द्र तक और मतदान कार्यवाही के बाद सामग्री संग्रहण केन्द्र तक अनिवार्यतः निर्धारित शासकीय वाहन में ही परिवहन करें। यह निर्देश आब्जर्वर प्रदीप ठाकुर ने प्रशिक्षण सत्र में सेक्टर अधिकारियों को दिए।

उन्होंने सेक्टर ऑफिसर को उनके दायित्व, आदर्श आचरण संहिता का पालन, सेक्टर के रूट, मतदान केन्द्रों में एएमएफ की पर्याप्तता के निर्देश दिए। लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुक्रम में सोमवार को दो पालियों में 5 विधानसभा क्षेत्रों के सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद, विधानसभा क्षेत्र के सभी एसडीएम भी उपस्थित थे। मुख्य ट्रेनर श्री विजयंत ठाकुर द्वारा निर्वाचन कार्यो से संबंधित दायित्वों का बिन्दुवार विवरण पर प्रशिक्षण दिया गया।

दो पालियों में इस प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में मुलताई, आमला और बैतूल विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर अधिकारियों ने भाग लिया। द्वितीय सत्र में दोपहर 2.30 बजे से 5.00 बजे तक घोड़ाडोंगरी और भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र के सभी अधिकारी और प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### मॉक पोल के दायित्व

*मतदान केन्द्र पर सुविधा एवं मॉक पोल के संबंध में भी पूर्व प्रक्रिया से अवगत कराया गया। मॉक पोल के बारे में मॉक पोल कर डेटा निरस्त कर निर्वाचन के लिए मशीन तैयार करने हेतु अवगत कराया गया। पीठासीन अधिकारियों के कार्य में सहयोग करने के निर्देश दिए। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के संबंध में भी विस्तृत प्रक्रिया की जानकारी दी गई। निर्वाचन कार्य के पूर्व मतदान दिवस के दिन एवं मतदान के पश्चात जमा किए जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों में विस्तृत जानकारी दी गई।*

### प्रत्याशी, व्यय लेखा रजिस्टर का 23 और 30 अप्रैल एवं 3 मई को करा सकेंगे निरीक्षणः कलेक्टर

*बैतूल। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अनुक्रम में बैतूल लोकसभा प्रत्याशी अपने व्यय लेखा पंजीयन का निरीक्षण 23, 30 अप्रैल एवं 3 मई को करा सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जारी अपने आदेशों में कहा कि प्रत्याशियों को व्यय लेखा रजिस्टर के निरीक्षण के लिए नाम निर्देशन के समय उन्हें सौंपी गई व्यय लेखा पंजी की सही प्रतिलिपि जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दाखिल करनी होगी। जारी आदेशों के अनुसार व्यय लेखा पंजी के निरीक्षण के लिए 3 तिथियां निर्धारित की गई है। प्रथम निरीक्षण के लिए 23 अप्रैल 2024 को सुबह 10 बजे से शाम 5.00 बजे तक पंजी की सही प्रति दाखिल कराई जा सकेगी। द्वितीय निरीक्षण 30 अप्रैल को 2024 को प्रातः 10 से 5 बजे तक एवं तृतीय निरीक्षण के लिए पंजी की सत्य प्रतिलिपि 3 मई को प्रातः 10 बजे से 5.00 बजे तक दाखिल की जा सकेगी। सही प्रति का लेखा निरीक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि किसी अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा के अनुरक्षण में असफलता धारा 171-झ के तहत एक निर्वाचन अपराध है।*

## निकाली विशाल रैली

# बाबा साहेब जयंती पर नेहरू पार्क चौक पर हुए विविध आयोजन



**बैतूल।** रविवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पूरे जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिला मुख्यालय पर नेहरू पार्क चौक स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर सुबह से ही उनके अनुयायी बड़ी संख्या में पहुँचे और प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर सांसद दुर्गादास उईके, बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, बैतूल नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी सम्मिलित हुए। उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद विशाल रैली भी निकाली गई।

### 20 वर्षो से बंटी वासनिक द्वारा किया जा रहा आयोजन

पिछले 20 वर्षो से प्रतिवर्ष नगर पालिका बैतूल के सेवानिवृत्ति सीनियर ऑडिटर बंटी वासनिक के द्वारा अम्बेडकर जंयती पर विविध कार्यक्रम किए जा रहे है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी सीनियर ऑडिटर बंटी वासनिक की तरफ से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मौके पर इन्होंने अपनी ओर से वहां मौजूद लोगों को म_ा और शरबत वितरित किया। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर कई लोगों ने इनकी प्रशंसा भी की। श्री वासनिक द्वारा उपस्थित लोगों से बाबा साहेब के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया।

# 12 फीट की राम मूर्ति के साथ सारनी में निकलेगी रामनवमीं की शोभा यात्रा

## राजा हिंदुस्तानी धमाल बैंड पार्टी तायवाड़े बैंड पार्टी आदि की रहेगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

रामनवमी के पावन पर्व के अवसर पर विद्युत नगरी सारनी में प्रभु श्री राम की शोभा यात्रा निकाली जाने की तैयारी अंतिम चरणों में है। संपूर्ण सारनी क्षेत्र के 13 वार्डों के चौक चौराहे पर भगवा स्वागत द्वार लगाकर शहरी क्षेत्र में बड़े हर्ष उल्लास के साथ रामनवमी पर्व मनाए जाने की तैयारी की जा रही है।

मठारदेव मित्र मंडली एवं रामनवमी टीम के पदाधिकारी ने बताया कि इस रामनवमी को भव्य रूप दिए जाने के लिए इटारसी के सबसे पॉपुलर राहुल बैंड अपनी प्रस्तुति देगा इसके अलावा स्थानीय स्तर पर बजरंग अखाड़े के माध्यम से यहां की युवा एक से एक कर्तव्य दिखाने का कार्य करेंगे साथ ही राजा हिंदुस्तानी धमाल बैंड पार्टी तायवाडे बैंड पार्टी महाराज बैड पार्टी के साथ 12 फीट के प्रभु श्री राम की मूर्ति राम दरबार के साथ डीजे की धुन पर सवार होने का काम करेंगे समिति के पदाधिकारी ने बताया कि मठारदेव महाराज वार्ड क्रमांक एक शीतला माता मंदिर की महिला ग्रुप द्वारा श्रीराम शोभा यात्रा की पावन अवसर पर डमरू एवं झाझ के साथ महाकाल भगवान की प्रस्तुति एवं आरती का आयोजन करने का कार्य करेंगे। महिलाओं के माध्यम से भगवा साफा पहनने का कार्य किया जाएगा,मठारदेव मित्र मंडली एवं रामनवमी टीम के पदाधिकारी ने बताया कि 500 से अधिक भगवा गमछे निशुल्क वितरण करने का कार्य किया जाएगा साथ ही भगवा साफा बांधने की व्यवस्था श्रीराम मंदिर प्रांगण में की गई है लेकिन इसका शुल्क लगेगा आयोजन समिति के पदाधिकारी ने बताया की शोभायात्रा श्री राम मंदिर प्रांगण से रामनवमी को आयोजित की जाएगी जो विद्युत नगरी सारनी के 13 वार्डों में भ्रमण करने के बाद श्री राम मंदिर पर इसका समापन किया जाएगा, संपूर्ण क्षेत्र वासियों से मठारदेव मित्र मंडली एवं रामनवमी आयोजक समिति के पदाधिकारी ने अपील की है ।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा चलाया जा रहा दाना और पानी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर



संवेदनशीलता मानव व्यक्तित्व का एक ऐसा सृजनात्मक पहलू है जो व्यक्ति को सामाजिक सरोकारो से जोड़कर रखता हैं। आज हमारे समाज मे भौतिकता की चकाचौंध में आकंठ डूबे सदस्यों को सोचना होगा कि मनुष्य जो परमेश्वर की श्रेष्ठ कृति हैं उसके अधिकारों से बढकर स्वयं के प्रति अधिक निष्ठा व समर्पण की आवश्यकता है।

अपने कर्तव्य के प्रति सजग महाविद्यालय में पदस्थ डा० नीतू जायसमाल माहोरे जो पर्यावरण को स्वच्छ व समृद्ध करने के लिए सतत प्रयासरत रहती है,के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में पक्षियों के दाना-पानी व्यवस्था अभियान चलाया जा रहा है । प्रो० जैसवाल माहोरे के इस अभिनव प्रयास से परिसक के प्रत्येक पेड़-पौधों पर स्वयंसेवियों द्वारा वेस्ट मटेरियल से बनाएँ आकर्षक पात्र प्यासे पक्षियों के लिए न केवल पानी उपलब्ध करा रहे है बल्कि स्वयंसेवी छात्र-छात्राएँ अति सुन्दरपात्र बनाने की कला भी सीख रहे हैं, इससे समुचा परिसर के आकर्षण में भी इजाफा हुआ है। स्वयंसेवको द्वारा मिट्टी के सकोरों पर संदेश भी लिखे जा रहे है जिससे आम व्यक्ति भी प्रेरणा ले सकें।कार्यक्रम अधिकारी नीतू जायसवाल ने दाना पानी अभियान के उद्देश्य बताते हुआ कहा कि भीषण गर्मी में पानी के अभाव में हजारों पक्षी असमय कालकवलित हो जाते है अतः मानव का कर्तव्य है कि वे इनका ध्यान रखें।शासकीय महाविद्यालय शाहपुर के हरीतिमा क्लब के सहयोग से पक्षियों के लिए दाने पानी की व्यवस्था की जाती रहती है।प्रो नितेश पाल ने प्रकृति संरक्षण पर विद्यार्थियों को सम्बोधित किया एवं उन्हें पौधरोपण हेतु प्रेरित किया।प्राचार्य प्रो एम डी बाघमारे ने विद्यार्थियों के प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें अपने घरों और समाज मे भी ऐसी गतिविधियों को करने के प्रोत्साहन प्रदान किया। स्वयंसेवको द्वारा दाने-पानी के लिए सुंदर पात्र बनाकर जगह जगह रखे गए।

# मरही माता के प्रांगण में चल रही देवी भागवत कथा में भगवान शिव के विवाह की कथा का श्रवण कर भाव-विभोर हो गए सैकड़ों श्रोता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

मरही माता मंदिर में चल रही देवी भागवत कथा के छठवें दिवस सुंदर देवी की कथाओं का सुंदर वर्णन एवं चित्रण किया गया। पंडित अखिलेश गोलू परसाई के द्वारा बताया गया कि आज उनके द्वारा सुंदर शिव शंभू के एवं मां आदी शक्ति के विवाह के सुंदर विवाह का स्वरूप का वर्णन किया गया एवं दिखाया गया ।

भागवत कथा के पंडाल में उपस्थित भक्तगण भगवान भोलेनाथ की बा रात में झूम उठे ।एवं बाजे गाजे के साथ भगवान भोले शंकर की बारात में नंदी, भृंगी,भूत ,प्रेत ,पिशाच सभी शामिल हुए एवं धूमधाम से बारात पंडाल में पहुंची ।जिसे देखकर भक्त बहुत अधिक प्रसन्न हुए और सभी के द्वारा भगवान भोलेनाथ की बारात का आनंद उठाया गया। भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती का सुंदर विवाह संपन्न हुआ ।भक्तों ने झूम झूम के हर हर महादेव के नारे लगाते हुए नाचते गाते हुए भगवान की भक्ति का आनंद उठाया ।हर हर महादेव के नारे से पूरा पंडाल आकाश पाताल भक्तों ने गूंजायमांन कर दिया ।सभी भक्त गणों ने आरती पूजन कर प्रसाद का लाभ अर्जित किया।

## चौकी में की लिखित शिकायत

# सोने चांदी की दुकान में 80 हजार की हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा की उप नगरी शोभापुर के सब स्टेशन क्रमांक 2 के सामने संचालित होने वाली मोना ज्वेलर्स की दुकान पर बीती रात को अज्ञात चोरों के माध्यम से धावा बोलकर नगद सोना और कुछ चांदी के आभूषणों की चोरी करने में सफलता मिली है दुकान के संचालक देवेंद्र सोनी ने बताया कि नगद राशि सोना और चांदी को मिलाकर लगभग 80 हजार रुपए की चोरी हुई है उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों के द्वारा दुकान की सीट को हटाकर उसे तोड़कर दुकान के अंदर घुसने का काम किया गया है दुकान से चोरो के द्वारा चांदी के बर्तन चांदी की बिछिया चिल्लर जेवर अन्य पॉलिश का सामान चोरी करने में सफल हुई घटना की जानकारी दुकानदार देवेंद्र सोनी को लगने के बाद इसकी लिखित शिकायत पाथाखेड़ा पुलिस को करके समान दिलाए जाने की गुहार लगाने का कार्य किया है।

## स्वास्थ्य शिविर लगा, रैली निकाली

# आमला पुलिस ग्राउंड में हुआ भीम क्रांति का विमोचन




**बैतूल।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंती की पूर्व संध्या पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आमला मे किया गया। इसके अलावा 14 अप्रैल को करूणा बौद्ध विहार भीमनगर से रैली निकाली गई, जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए पुलस ग्राउंड पहुंची। इस दौरान रैली में बाबा साहेब के नारे लगाए गए। अतिथियों द्वारा संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर बैतूल की आवाज समाचार पत्र बैतूल के संपादक आर.डी. द्वारा प्रकाशित स्मारिका भीम क्रांति का विमोचन किया गया।

जयंती के पूर्व संध्या पर लगे स्वास्थ्य शिविर में 350 मरीजों का निःशुल्क इलाज एवं दवाओं का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, डॉ. नितेश चौकीकर, डॉ. शिल्पा हुरमाड़े, डॉ. चित्रा पाटिल, डा्. दिलीप चौकीकर, डॉ. अरूण जयसिंगपुरे, डॉ. ब्रजेश वामनकर, सुशील मसतकर आदि मौजूद थे। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी चंद्रशेखर पण्डोले और शिक्षा के क्षेत्र में अशोक खातरकर को सम्मानित किया गया। मंच संचालन शिवप्रसाद गुजरे ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूज्य भन्ते शिलारत्न एवं भिक्कूख संघ, डॉ. योगेश पंडाग्रे, नपाध्यक्ष नितिन गाडरे, पूर्व नपाध्यक्ष मनोज मालवे, पूर्व नपाध्यक्ष लाजवंती अशोक नागले, नपा उपाध्यक्ष राजेंद्र

## मर्ग कायम कर विवेचना शुरू, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा खुलासा

# ब्याज का काम करने वाले देशमुख की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के काली माई ट्रांसपोर्ट के पीछे 52 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़काम का माहौल उत्पन्न हो गया है। घटना की जानकारी सारनी पुलिस को लगता ही मौके पर पहुंच कर शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने का कार्य किया गया है। हालांकि प्रथम दृष्टि में हत्या जैसा मामला प्रतीक हो रहा है लेकिन पुलिस इस मामले को वर्तमान समय में हत्या मान ने को तैयार नहीं है स्थानीय पुलिस का कहना है कि जब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच स्पष्ट नहीं हो जाती तब तक इस को संदिग्ध कहा जा सकता है हत्या कहना ठीक नहीं होगा। शव की पहचान 52 वर्षीय बिज्जू देशमुख पिता देशमुख पिता शंकर देशमुख के रूप में हुई है यह शोभापुर के गायत्री स्टाफ के समीप रहना था।बताया जाता है कि व्यक्ति शास्त्री नगर में पहले निवास रत था लगभग 13 वर्ष से शोभापुर कॉलोनी के गायत्री स्टाफ कॉलोनी में निवास था।

**बिज्जू दस बजे तक देखा गया काली माई पर:** शोभापुर कॉलोनी के गायत्री स्टाफ के पास निवास करने वाले 52 वर्षीय बिज्जू देशमुख पिता शंकर देशमुख को काली माई मंदिर और काली माई ट्रांसपोर्ट के पास सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 1:30 तक देखा गया है 1:30 के बाद बिज्जू देशमुख का मोबाइल लोकेशन बंद था और उसके बाद यह व्यक्ति नहीं दिखा ट्रांसपोर्ट से सौ मीटर की दूरी पर इसका शव शाम 4:30 बजे के आसपास देखा गया और इसकी सूचना पुलिस को देने के बाद मौके पर पुलिस पहुंचकर यह हत्या है या नॉर्मली मौत इसको लेकर पुलिस के माध्यम से जांच पड़ताल करने का कार्य किया गया है। हालांकि घटनास्थल पर जितने भी प्रत्यक्षदर्शी थे वह सभी प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि यह प्रथम दृष्टि से हत्या जैसा माहौल प्रतीक होता है क्योंकि दोनों हाथ और चेहरे पर काले निशान देखे गए थे संभव तह जहर या फिर बिजली के करंट से मौत या हत्या होने की संभावना व्यक्ति की जा रही है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। इस मामले में सारनी पुलिस के माध्यम से मर्ग कायम करके इस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।शट पीएम रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट स्पष्ट रूप से आने के बाद 52 वर्षीय बिज्जू देशमुख की मौत हुई है या हत्या इसका खुलासा हो पाएगा।

### इनका कहना है

घटनास्थल पर अवलोकन करने के समय प्रत्यक्षदर्शियों के माध्यम से भी बिज्जू देशमुख की हत्या होने की चर्चा हो रही थी हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी इस मामले में मर्ग कायम करके विवेचना की जारी है विवेचना के बाद हत्या है या मौत इसका खुलासा हो पाएगा।

**अरविंद कुमरे,** थाना प्रभारी सारनी

### ब्याज की वजह से भी हो सकती है हत्या की संभावना

*पाथाखेड़ा के विभिन्न वार्डों में मृतक के माध्यम से ब्याज पर रुपए का लेनदेन करने का कार्य किया जाता था संभावना व्यक्ति की जारी की किसी व्यक्ति से रुपए के लेनदेन में सामंजस नहीं बनने की वजह से इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया होगा हालांकि स्थानिक पुलिस के माध्यम से मृतक 52 वर्षीय बिज्जू देशमुख के मामले में अनेकों पहलूओ पर बारीकी से छानबीन करने के बाद ही इस मामले में कोई ठोस निर्णय पर कदम उठाना चाहिए यह मामला उतना सीधा नहीं है जितना सीधा स्थानीय पुलिस प्रशासन को यह दिख रहा है दोपहर दो बजे तक स्थानीय लोगों को दिखने के बाद अचानक 52 वर्षीय बिज्जू का शव काली माई ट्रांसपोर्ट से सौ मीटर की दूरी पर जंगल में मिलना कई तरह के सवालों को जन्म दे रहा है।*

### नागरिकों को शेड की दरकार, आवाजाही में हो रही है तमाम परेशानियां

# गरीबी लाइन अंडर पास में भरा बारिश का पानी, नागरिकों की बढ़ी दिक्कत

बारिश की अल्प वर्षा में ही नई गरीबी लाइन के अंडरपास पुलिया में पानी भर जाने से नागरिकों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने शासन से शेड निर्माण की मांग की है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नई गरीबी लाइन के अंडर पास में जरा सी बारिश में पानी भर जाता है। पानी निकालने पंप हाउस बनाने का कुछ खास फायदा होता दिखा नहीं है, और दोनों तरफ इस परेशानी के हल के तौर पर शेड बनाने की बातें केवल बातें होकर रह गयीं, क्योंकि करीब एक वर्ष से राहगीर शेड और लाइट का इंतजार कर रहे हैं। बीते कुछ दिनों से मौसम में बदलाव की वजह से हो रही बारिश के बाद अंडर पास में पानी जमा है। बारिश के पानी की निकासी नहीं होने की वजह से इस मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेल विभाग के अधिकारी इस ओर से बेफिक्र हैं, उनको राहगीरों की परेशानी से कोई सरोकार है, ऐसा लगता नहीं है। सबसे बड़ी परेशानी यह है कि यदि बारिश का पानी अंडर पास में भर जाता है, तो इसकी निकासी के लिए लगाई पानी की मोटर की मदद से भी मार्ग पर भरा गंदा पानी पूरी तरह से नहीं निकल पाता है जिसके चलते लंबे समय तक अंडर ब्रिज मार्ग पर भारी इस गंदे पानी की वजह से राहगीरों को मन में दिक्कत होगा सामना करना पड़ता है। रेल विभाग को भी राहगीरों की परेशानी के संबंध में कई बार जनप्रतिनिधियों ने तो बताया, अखबारों में भी कई बार खबरें प्रकाशित हुईं, लेकिन, ऐसा लगता है कि रेलवे के जिम्मेदारी विभागीय अधिकारी न देखना चाहते हैं और ना ही सुनना। अभी तक पानी की निकासी की स्थाई समस्या का हल नहीं निकल पाया है। जिसके चलते बे मौसम होने वाली बारिश की वजह से हर कभी ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# कन्या महाविद्यालय की छात्राओं का किया दंत परीक्षण, चिकित्सकों ने दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में सोमवार को प्राचार्य डॉ.उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देशानुसार उमंग उच्च शिक्षा एवं वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत खेल विभाग,एनएसएस इकाई एवं सामुदायिक चिकित्सालय सिवनी मालवा के संयुक्त तत्वाधान में दंत परीक्षण शिविर एवं स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.उमेश कुमार धुर्वे ने बताया की उमंग कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम छात्राओं के लिए बहुत ही लाभदायक है। दंत विशेषज्ञ डॉ.अंजिशा इक्का एवं सुचित्रा समाजपत्र द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जो भ्रांतियां महिलाओं को प्रभावित कर रही हैं उन कारकों पर प्रकाश डाला,उन्होंने बताया की किसी भी रोग के प्रारंभिक लक्षण मुंह से पता चलते है इसलिए समय समय पर दंत परीक्षण करवाना चाहिए। साथ ही छात्राओं को पोषक तत्वों के बारे में बताया जिनकी कमी से उनके शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव से भविष्य में उन्हें अनेक खतरनाक बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है इसलिए छात्राओं को हमेशा पौष्टिक एवं संतुलित भोजन करना चाहिए एवं शारीरिक स्वच्छता को अपनाना चाहिए जिससे शरीर को ऊर्जा एवं शक्ति मिल सके।

क्रीड़ा अधिकारी डॉ.धर्मेंद्र सिंह द्वारा उमंग हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। एनएसएस प्रभारी काजल रतन द्वारा उपस्थित सभी छात्राओं को जस्ट आस्क चैटबोट एप भी डाउनलोड करवाया गया एवं वॉट्सएप के माध्यम से भी कैसे इसका उपयोग किया जा सकता है के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.बाऊ पटेल द्वारा छात्राओं को उमंग किशोर निशुल्क हेल्पलाइन नंबर 14416 और 14425 टोल फ्री नंबर की जानकारी दी एवं आभार व्यक्त किया गया। दंत परीक्षण छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टाफ का किया गया। इस अवसर पर डॉ. टीटी इक्का, रजनीश जाटव,डॉ.वर्षा भिंगारक,आकांक्षा पांडे, डॉ.नीरज विश्वकर्मा, डॉ केआर कोसे,डॉ.रीमा नागवंशी, संगीता कहार, डॉ.दुर्गा मीना, डॉ.पदम शर्मा, डॉ. गजेंद्र वाईकर एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# गर्मी के मौसम में नागरिकों को कंठ की प्यास बुझाने के लिए प्याऊ की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



इस वर्ष सबसे अधिक गर्मी बढ़ने से मिट्टी से बने मटकों की मांग बढ़ गई है लेकिन इसके साथ इस बार मटको के दामों में दुगने से ज्यादा रेट हुआ है। इस वर्ष पिछले साल की तुलना में ज्यादा कीमत पर मटकोके दाम बढ़ने से जनता परेशान होती है लगभग दुगने रेट हो चुके हैं इस साल मटको के दाम में काफी इजाफा हुआ है। इस बार ऐसा लग रहा गर्मी से राहत नहीं मिलेगी बल्कि मटकी ही गर्म हो रहे हैं। विक्रेता से महंगाई का असर बता रहे हैं पचमढ़ी रोड नाके के पास संतोष प्रजापति ने बताया कि मटका इस समय गर्मी दस्तक दे चुकी है और सभी जगह से कीमत बढ़ती जा रही है सुबह से ही गर्म की तप के कारण इस बार छोटी मटकी जो 15 में मिलती थी।

उसकी कीमत 30 हो चुकी है 70 से 150 रुपए में बिकने वाले अब सीधे डबल रेट में बिक रहे हैं सार्वजनिक स्थानों पर पीने के पानी की अभी फिलहाल में कोई व्यवस्था रही है लेकिन नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल ने बताया कि शीघ्र ही सार्वजनिक प्याऊ बनाने की तैयारी की जा रही है। महंगाई जरूर है लेकिन लोगों को पानी से वंचित नहीं किया जाएगा तापमान करीबन 42 डिग्री पर पहुंच गया है शहर में आने वाले लोगों को पीने के पानी का काफी सहारा नगर पालिका के द्वारा मिलता है।

बस स्टैंड पर यात्री तहसील कार्यालय के पास इस तरह से मुख्य स्थान पर नगर पालिका प्रतिवर्ष पीने के पानी की ठंडी की व्यवस्था करती है। इस वर्ष भी की जावेगी लेकिन इस वर्ष मटके महंगे के होने के कारण अक्षय तृतीया पर जो बिक्री होती थी उसमें कितना असर पड़ेगा यह तो अभी नहीं कहा जा सकता लेकिन वर्ष में एक बार ही मटके खरीदे जाते हैं।

# विप्र समाज के आराध्य भगवान परशुराम की जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



सिवनी मालवा में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर सर्व ब्राम्हण समाज की बैठक का आयोजन स्थानीय राम जानकी राधाकृष्ण मंदिर में किया गया। बैठक में समाज के पदाधिकारियों ने किस तरह से भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा इस पर चर्चा की। सर्व ब्राम्हण समाज अध्यक्ष विकास पाठक ने बताया की इस वर्ष भगवन परशुराम जन्मोत्सव 10 मई को है जिसको लेकर भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमे परशुराम जन्मोत्सव के दिन सुबह भगवान परशुराम का पूजन अर्चन किया जाएगा वही शाम को स्थानीय संकटमोचन हनुमान मंदिर से रामजानकी राधा कृष्ण मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। 8 तथा 9 मई को सर्व ब्राम्हण समाज महिला संगठन के द्वारा कल्लू चौक स्थित सीताराम मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किये जायेंगे तथा 10 मई को रामजानकी राधाकृष्ण मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पुरुस्कार वितरण किया जाएगा। सर्व ब्राम्हण समाज पदाधिकारियों ने बताया की परशुराम जयंती को लेकर सभी विप्र बंधुओं ने तैयारिया शुरू कर दी है। सिवनी मालवा तहसील के प्रत्येक घरों तक भगवा- परशुराम जन्मोत्सव के आमंत्रण पत्र पदाधिकारियों के द्वारा पहुंचाये जायेंगे। बैठक में सर्व ब्राम्हण समाज अध्यक्ष विकास पाठक, प्रवीण अवस्थी, सुभाष दुबे, समीर शर्मा, अमित पालीवाल, विवेक शर्मा, सूरज मिश्रा, प्रद्युम्न तिवारी, प्रियांशु काजवे, लकी चौबे सहित बड़ी संख्या में सर्व ब्राम्हण समाज, परशुराम सेना के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषि उपज मंडी में किसानों को मिलेगी खास सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कृषि उपज मंडी में अपनी उपज विक्रय के लिए आने वाले किसानों के लिए अब इटारसी मंडी में खास सुविधा मिलेगी। अब ई-मंडी एप्लीकेशन से अपने मोबाइल पर ही किसान प्रवेश पर्ची बनाकर मंडी में अपने समय और श्रम की बचत करके लंबी कतार से बच सकता है। आजकल हर किसान के हाथ में मोबाइल है, इसलिए यह सुविधा किसानों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी।

किसानों को यह करना होगा सर्वप्रथम अपने एंड्राइड मोबाइल में गूगल प्लेस्टोर से मंडी बोर्ड भोपाल का ई-मंडी ऐप इंस्टॉल करें। किसान लॉगिन में जाकर इटारसी मंडी का चयन कर अपनी फसल विवरण दर्ज कर प्रवेश पर्ची स्वयं अपने मोबाइल में ही प्राप्त करें। प्रवेश स्क्रीन शॉट पीओएस मशीन संचालनकर्ता कर्मचारी को नीलामी के समय दिखायें। इसी के साथ मंडी प्रवेश द्वार पर भी ई-मंडी प्रवेश पर्ची की सुविधा उपलब्ध है। किसान यहां से भी अपनी प्रवेश पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। इस तरह से लॉगिन करनके बाद आप जब भी मंडी में फसल विक्रय करने आयें तो मात्र फसल विवरण ही दर्ज करना होगा। इससे किसानों को लंबी कतार, समय, श्रम की बचत होगी। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए किसान को मंडी बोर्ड के ई-मंडी एप का अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए।

# मेहंदी, रंगोली और रैली से दिया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




जनपद पंचायत केसला में रेवा संकुल स्तरीय संघ केसला द्वारा मतदाताओं को मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान करने के लिये स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जनपत पंचायत के रेवा संकुल कक्ष में स्व सहायता समूह की सदस्य एवं गांव की अन्य महिलाओं ने मेहंदी, रंगोली बनाई और मतदाता जागरूकता रैली निकाली। सहायक विकासखंड प्रबंधक खुशबू कोरी ने बताया कि जनपद पंचायत केसला में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिये निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। सहायक विकासखंड प्रबंधक खुशबू ने बताया की जनपद पंचायत, स्कूल और आंगनबाड़ी में आने वाले सभी ग्रामीणों को मतदान करने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान में ग्राम पंचायत स्तर पर पदस्थ समस्त शासकीय अमला लगा हुआ है। साथ ही समूह की महिलाओं के द्वारा भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# सीएम राइज विद्यालय में एसएमडीसी की बैठक का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



शासन के निर्देशन निर्देशानुसार प्रवेश उत्सव उपरांत सोमवार से सीएम राइज विद्यालय पचमढ़ी में एसएमडीसी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पालको, भूतपूर्व छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य श्रद्धा पाठक आमंत्रित थी। बैठक में पालकों, भूतपूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा सुझाव एवं विचार व्यक्त किए गए । बैठक में छात्रों के नामांकन, उपस्थिति, गत वर्ष की उपलब्धि स्तर एवं नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 की कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य श्रद्धा पाठक ने सुझाव दिया कि छात्रों को छोटे-छोटे समूह में विभाजित कर शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा गोद लेना चाहिए और उन्हें रचनात्मक कार्यों की शिक्षा देनी चाहिए। उनके सुझाव की सराहना की गई। बैठक का संचालन सविता साहू एवं गत वर्ष की उपलब्धि स्तर की जानकारी अर्चना मेहरा द्वारा दी गई। आभार प्रदर्शन पूजा साहू द्वारा किया गया । बैठक में प्राचार्य मनीष गुप्ता, प्रधान पाठक ज्योति यादव, प्रधान पाठक आरएन श्रीवास एवं सीएम राइज विद्यालय कैंपस एक और दो के सभी शिक्षक -शिक्षिकाऐं उपस्थित रहे।

## यात्रियों की सुविधा के लिए छपरा-पनवेल-छपरा के मध्य 11-11 ट्रिप स्पेशल ट्रेन इटारसी होकर चलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेल प्रशासन ने छपरा-पनवेल-छपरा के मध्य 11-11 ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गन्तव्य को जायेगी। गर्मी के सीजन में बढ़ती यात्रियों की संख्या को देखते हुए रेलवे विशेष ट्रेन चलाती है। 05193 छपरा-पनवेल स्पेशल ट्रेन 18 अप्रैल 2024 से 27 जून 2024 प्रत्येक गुरुवार को छपरा स्टेशन से 15.20 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन शुक्रवार को 08.45 बजे इटारसी पहुंचकर, 08.55 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, 20.30 बजे पनवेल स्टेशन पहुंचेगी। 05194 पनवेल-छपरा स्पेशल ट्रेन 19 अप्रैल 2024 से 28 जून 2024 प्रत्येक शुक्रवार को पनवेल स्टेशन से 21.40 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन शनिवार 11.30 बजे इटारसी पहुंचकर, 11.40 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, तीसरे दिन रविवार को 08.50 बजे छपरा स्टेशन पहुंचेगी।

### कोच कंपोजीशन और गाड़ी के हाल्ट

इस गाड़ी में 14 वातानुकूलित तृतीय इकोनोमी श्रेणी, 3 शयनयान श्रेणी, 3 सामान्य श्रेणी, 1 एसएलआरडी एवं 01 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में बलिया, गाजीपुर सिटी, वाराणसी, बनारस, प्रयागराज जंक्शन, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, भुसावल, नासिक रोड एवं कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी।

## बूथ स्तरीय मतदाताओं को किया जागरूक

**नर्मदापुरम।** ग्राम पंचायत आंवरी में मतदान केन्द्र क्रमांक 193 में बूथ स्तरीय मतदाता जागरूकता समूह के द्वारा रैली निकालकर 26 अप्रैल को मतदान हेतु जागरूक किया। जागरूकता समूह के द्वारा पूरे ग्राम में रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। रैली में ग्राम पंचायत सचिव प्रशांत कुमार यादव, सहायक सचिव शैलेन्द्र कुमार गौर, शिक्षक संजीव सहारिया, अर्जुन गौर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंजु गौर, प्रेम वामने, गायत्री मेहरा, आशा कार्यकर्ता सुनीता झरानिया, तुलसा गौर, ग्राम कोटवार नारायण मेहरा, सुबोध गौर पटवारी पंकज चौधरी एवं स्व सहायता समूह की सदस्य दुर्गा कुशवाहा सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

## रामनवमीं की पूर्व संध्या पर हनुमान धाम मंदिर में कवि सम्मेलन आज

**इटारसी।** भक्तजनों की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री हनुमान धाम रेल्वे ओव्हर ब्रिज के नीचे 16 अप्रैल, मंगलवार रामनवमी की पूर्व संध्या में आज रात्रि 8 बजे से विराट कवि सम्मेलन आयोजित किया है। श्री हनुमान धाम समिति के सेवक लखन बैस ने बताया है कि कवि सम्मेलन में नर्मदापुरम जिले के ख्यातिप्राप्त हास्य व्यंग्य कवियों व गीतकारों को आमंत्रित किया है। सभी कवि श्रीराम के चरित्र व व्यक्तित्व पर अपनी अपनी अनूठी शैलियों में श्रोताओं को कविताओं का रसपान करायेंगे। आमंत्रित कवि हैं सर्वश्री राजेन्द्र मालवीय अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कवि इटारसी, शास्त्री नित्य गोपाल कटारे हास्य व्यंग्य नर्मदापुरम, रामकिशोर नाविक गीतकार इटारसी, माखन मालवीय ओजस्वी कवि सिवनी मालवा, अमित बिल्लौरे गीतकार सोहागपुर, पवन प्रबल हास्य-व्यंग्य पिपरिया, सुभाष यादव भारती हास्य व्यंग्य नर्मदापुरम, सतीश शमी गीतकार इटारसी, सुनील सांवला हास्य व्यंग्य और नवीन हरियाले गीतकार नर्मदापुरम। कवि सम्मेलन का संचालन राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कवि और सेवानिवृत्त जिला शिक्षाधिकारी ब्रजकिशोर पटेल करेंगे। इस अवसर पर श्रीराम हनुमान धाम समिति व्दारा सभी भक्त जनों व काव्य रसिक श्रोताओं को आमंत्रित किया गया है।

# डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर ने लिया सिविल अस्पताल का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड की टीम जब सिविल अस्पताल में सुविधाओं का जायजा लेने और उनका मूल्यांकन करने आए तो अस्पताल अपने मापदंडों पर खरा उतरे ताकि अस्पताल को सर्टिफिकेट प्राप्त हो, इसकी तैयारी अस्पताल में कैसी है, मरीजों को मिलने वाली सुविधा कैसी है, तैयारी के दौरान कहीं कोई कमी तो नहीं है, यह देखने सोमवार को डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल की प्रभारी डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर ने हर चीज का बारीकी से निरीक्षण किया, अस्पताल अधीक्षक डॉ राकेश चौधरी से बातचीत की और एनक्वास से मिली राशि से अस्पताल में अच्छे काम हों, इसके विषय में चर्चा की। कहीं कोई कमी रही रही तो उसमें सुधार के लिए कहा। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी मिल रही सुविधाओं पर बातचीत करके उनको अच्छी से अच्छी सुविधाएं मिलें, इसके लिए आश्वस्त किया।

### आरकेएस से जनरेटर की व्यवस्था

जिस वक्त अस्पताल की प्रभारी डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर अस्पताल का निरीक्षण कर रही थीं, तब कुछ देर के लिए अस्पताल में बिजली चली गयी थी और गर्मी में मरीज परेशान हो रहे थे। जब उनसे इस विषय में चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि इस विषय में रोगी कल्याण समिति से चर्चा करके जेनरेटर की व्यवस्था कराने का प्रयास करेंगे ताकि मरीजों को इस तरह की परेशानी से बचाया जा सके।

### श्रीराम कथा का सप्तम दिवस व्यासगादी से साध्वी नीलम गायत्री ने श्रद्धालुओं को कराया कथा का रसपान

# श्रीराम के अनुसार अधर्म करने वाले अपनों के खिलाफ खड़े होना ही धर्म है

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




धर्म की रक्षा के लिए अपने सगे संबंधियों से अगर बैर करना पड़े तो पीछे नहीं हटना चाहिए। ईश्वर के दिए हुए जीवन का उद्देश्य धर्म से जीना है। रावण ने माता सीता का हरण करके अपने सहस्त्रो पुण्य नष्ट करके सबसे बड़ा अधर्म किया। श्रीराम का तो जन्म ही धर्म की स्थापना के लिए हुआ था यह बात समझकर विभीषण ने रावण के सोने की लंका का त्याग किया और वनवासी राम के पास जा पहुंचा। विभीषण एक उदाहरण है कि संसार में जब कोई अपना अधर्म करता है तो हमें उनका विरोध कर धर्म का पक्ष लेना चाहिए। अगर अधर्मी को खुला छोड़ दिया तो यह संसार जीने लायक नहीं बचेगा। उक्त उद्गार जगद्गुरु रामभद्राचार्य की परम शिष्या मानसमणि साध्वी पंडित नीलम गायत्री ने श्री राम जन्म महोत्सव समिति द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के सप्तम दिवस सोमवार को व्यक्त किए। कथाव्यास साध्वी गायत्री ने कथा को विस्तार देते हुए कहा कि माता सीता की खोज में निकले हनुमान जी, जामवंत, अंगद और वानर सेना समुद्र किनारे पहुंची तो वहां से आगे जाने का रास्ता खत्म हो गया। तब जामवंत जी ने हनुमान जी को उनकी शक्तियों का स्मरण कराते हुए कहा कि कहे रीछपति सुन हनुमाना, का चुप साध रहा बलवाना। पवन तनय बल पवन समाना, बल बुद्धि विवेक विज्ञान निधाना। ऐसा कहते ही हनुमान जी विशालकाय रूप धारण करके लंका की ओर उड़ गए। लंका में माता सीता का पता लगाया, अक्षय कुमार का वध किया। इतना ही नहीं रावण की सोने की लंका अहंकार खत्म करने पूरी लंका को जला दिया।

कथाव्यास ने लंका दहन, रावण हनुमान संवाद, माता सीता की खबर लेकर श्री राम के पास पहुंचने की खबर विस्तार से श्रोताओं को सुनाई। समिति के प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि श्रीराम नवमी के अवसर पर बुधवार की कथा सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। वहीं दोपहर 12 बजे प्रभु श्रीराम का भव्य जन्मोत्सव मनाया जायेगा। साथ ही शाम को श्रीराम नवमी का विशाल धर्म जुलूस निकलेगा। जिसमे सभी धर्म प्रेमी जनता के शामिल होने का अनुरोध आयोजन समिति ने किया है।

कथा में समिति के अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सावरिया, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, सचिव अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष अमित सेठ सहित अतिथि के रूप में पधारे मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष प्रह्लाद बंग, ब्राम्हण समाज के जितेंद्र ओझा, मधुकर व्यास, विजय शंकर द्विवेदी, सुनील तिवारी, मनोहर तिवारी, दिनेश दुबे, दर्शन तिवारी, संजय बाजपेई, एसपी मिश्रा, संतोष भारद्वाज, राहुल तिवारी, श्रीयांक तिवारी, मयंक तिवारी, पम्मू पाराशर, यादव समाज के फूलचंद यादव, आर के यादव, अशोक यादव, किशोर सीरिया, राजेंद्र यादव, विमल सीरिया, अनोखी लाल यादव, आकाश यादव, मानस यादव एवं दीपक महालहा, पारस अग्रवाल, श्रीमती डिप्टी कोठारी ने पुष्पहार से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक तिवारी ने किया। बता दे कि श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर की इस भव्य रामकथा में बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के महिला पुरुष श्रोता आ रहे हैं। समिति के द्वारा सभी की व्यवस्था की जा रही है। संगीत कलाकार तबला पर रामदास जी, ओक्टोपेड पर विजय मिश्रा एवं आर्गन पर पवन गोस्वामी की संगत ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी।

## प्राधिकृत पत्रकारों ने किया पोस्टल बैलेट से मतदान

**नर्मदापुरम।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा प्रदान की थी। आयोग ने अधिसूचना जारी कर पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की थी। इसी परिप्रेक्ष्य में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले के भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी प्राधिकार पत्र प्राप्त पत्रकारों ने सोमवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए पोस्टल वोटिंग सेंटर में पहुचकर डाक मतपत्र से मतदान किया। उल्लेखनीय है कि यह सुविधा केवल उन पत्रकारों को मिली है जिन्हें निर्वाचन कार्य के लिए कवरेज हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### 5 साल से फरार स्थायी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बुरहानपुर।** 23 आर्म्स एक्ट के मामले में करीब 5 साल से फरार एक स्थायी फरार आरोपी को लालबाग थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ 2019 में थाना लालबाग में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार ने सभी थाना प्रभारियों को लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर अधिक से अधिक संख्या में वारंट तामिल करने को कहा है। इसके तहत टीमों का गठन भी किया गया है। सोमवार को लालबाग थाना पुलिस ने 5 साल से फरार आरोपी आनंद धुंधले पिता वामनराव धुंधले निवासी इंदिरा कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के लगातार फरार होने प्रकरण में जेएमएफसी न्यायालय बुरहानपुर की ओर से स्थायी वारंट जारी किया गया था। कार्रवाई में लालबाग थाना प्रभारी अमित जादौन, उनि जयपाल राठौर, प्रधान आरक्षक पवन शर्मा, आरक्षक सुनील सूर्यवंशी की भूमिका रही।

### चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे

**खण्डवा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। राजन ने कहा है कि रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, हैण्डबिल, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि रैली आयोजन के लिए किराये/भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा भाग ली गई किसी रैली/प्रदर्शित फोटो/मंच साझा करने आदि पर किये गये सभी व्यय भी अभ्यर्थी के चुनाव प्रचार व्यय लेखे में जोड़े जायेंगे।

### तीन आरोपी 6-6 माह के लिए जिला बदर

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आदित्य सिंह ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर 3 आरोपियों को 6-6 माह के लिये जिला बदर करने के आदेश जारी किये है। जारी आदेश अनुसार आरोपी दीपक मसीह निवासी वार्ड नम्बर 3 तिवारी कॉलोनी टिमरनी, फारूख उर्फ मुन्ना खान निवासी शासकीय अस्पताल के सामने हरदा तथा शहजाद पिता नवाब खान निवासी लाइन पार टिमरनी को 6-6 माह के लिये जिला बदर किया गया है। इस अवधि में ये तीनों आरोपी हरदा जिले के साथ-साथ पड़ोसी जिलों नर्मदापुरम, देवास, खंडवा, सीहोर और बैतूल जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

अमले के पास नहीं है पर्याप्त संसाधन, इसलिए आग पर काबू पाने में आती है दिक्कत

# सालों पुरानी दमकलों पर अनट्रेंड अमला शहरों के साथ गांवों की भी दी जिम्मेदारी

आबादी और क्षेत्रफल के हिसाब से देखा जाए तो इन दमकलों की संख्या काफी कम है। इन दमकलों पर जो अमला काम करता है उसके पास पर्याप्त संसाधन भी नहीं हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

आग बुझाने के लिए सालों पुरानी दमकलें हैं। यही नहीं ऊपर से इन पर तैनात अमला भी अनट्रेंड है। अमले व संसाधनों की कमी के बीच सैकड़ों गांवों की आग बुझाने की जिम्मेदारी इन पर है। गर्मी के मौसम में हर साल दर्जनों जगहों पर आग लगने की घटनाएं होती हैं। आग पर काबू पाने के लिए इन दमकलों को बुलाया जाता है। कई इतनी पुरानी हैं कि जहां पर आधे घंटे में पहुंचा जा सकता है वहां पर 10 मिनट और अधिक लगते हैं। यदि आबादी और क्षेत्रफल के हिसाब से देखा जाए तो इन दमकलों की संख्या काफी कम है। इन दमकलों पर जो अमला काम करता है उसके पास पर्याप्त संसाधन भी नहीं हैं।

नगर परिषद भैरुंदा में 2 दमकलें हैं। इनमें से एक दमकल 1 साल पहले खरीदी जबकि दूसरी दमकल 8 साल पुरानी है। वर्तमान स्थितिः दो दमकलों में से एक की क्षमता 5 हजार लीटर की है जबकि दूसरी 3 हजार लीटर की है। दोनों दमकलें चालू हालत में हैं। इनमें से एक दमकल में 1 चालक सहित 2 हेल्पर तैनात हैं। कर्मचारियों को भोपाल में ट्रेनिंग दी गई है। इसलिए यह आग को बुझाने के लिए ट्रेंड हैं।

### 4 में से 3 चालू हालत में, 80 किमी तक जाती हैं आग बुझाने



सीहोर जिला मुख्यालय की बात करें तो यहां पर 4 दमकल हैं जिनमें से 3 चालू हालत में हैं। इनमें से 1 खराब है।
**वर्तमान स्थितिः** जो तीन दमकल हैं उनमें एक चार साल पुरानी है तो कुछ इससे और पुरानी हैं। समस्या वही है कि इन पर तैनात अमला कुछ ट्रेंड है तो कुछ अनट्रेंड भी है। दमकलों पर 24 कर्मचारी तैनात हैं। ये सभी शिफ्ट में काम करते हैं। 1 शिफ्ट में 1 चालक, एक सहायक और एक अन्य होता है।
**80 किमी तक दायराः** सीहोर की जो दमकल हैं उनके पास ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों गांव हैं। यहां से दमकल श्यामपुर, दोराहा और अहमदपुर तक भेजी जाती है। इसी तरह बात करें तो बिलकीसगंज, इछावर के कुछ गांवों में भी यहीं की दमकल को भेजा जाता है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी

## बाइक को कार ने मारी टक्कर, पति-पत्नी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶खंडवा

एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा छैगांवमाखन में घटा, जहां एक दंपति की मौके पे ही जान चली गई। यह हादसा सोमवार को सुबह 9 बजे हुआ, जब वे खरगोन से दशा कार्यक्रम के लिए रवाना हुए थे उनकी बाइक को तूफान वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे पति की मौके पर और पत्नी की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे की सटीक जानकारी के अनुसार, भाटिया बारेला और उनकी पत्नी सेवंतीबाई खेरदा गांव के लिए निकले थे। यहां वे रिश्तेदार की मौत के बाद दशा कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। उनकी बाइक के पीछे उनका भाई जीरू भी बाइक से आ रहा था। जब वे रांग साइड से बायपास ब्रिज पर चल रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार तूफान वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्भाग्यपूर्ण रूप से, भाटिया बरेला की मौत हो गई उनकी पत्नी को जिला अस्पताल में ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई। हादसे में, तूफान वाहन के ड्राइवर भी घायल हो गए हैं। छैगांवमाखन पुलिस ने मामला दर्ज किया है और जांच जारी है। हादसे के बाद, उचित कार्रवाई के लिए पुलिस ने मामला दर्ज किया है, जो इस मामले की जांच कर रही है। ड्राइवर के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी और उसे कानूनी दंड सामना करना पड़ेगा । यह दुर्घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा के महत्व को दिखाती है। लोगों को सड़कों पर सुरक्षित यात्रा के लिए जागरूक और सतर्क रहने की आवश्यकता है।



आयशर के कैबिन पर बैठकर जा रहे थे मजदूर

## बिजली का करंट लगने से तीन घायल, बड़ा हादसा टला

**बुरहानपुर।** केले भरने के लिए आयशर के कैबिन में बैठकर जा रहे मजदूर बिजली का तार वाहन से टकराने पर करंट लगने घायल हो गए। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा सांडसकला मार्ग पर हुआ। एक घायल कबीर ने बताया कि सोमवार दोपहर केला भरने के लिए आयशर वाहन रवाना हुआ। वाहन बैरियर से सारोला गया। सारोला से कांटा होकर महलगुलारा होते हुए सांडस रास्ते से आ रही थी तभी बिजली का तार नीचे होने से दो मजदूरों से टकराया। उसके कारण मुझे भी करंट लगा। साथ मौजूद अन्य मजदूरों ने मदद की और तत्काल जिला अस्पताल पहुंचा। सभी सुरक्षित हैं किसी की भी गंभीर स्थिति नहीं है। कबीर ने बताया घायलों में एक मजदूर भावसा और एक नसीराबाद का है।

### कैबिन में बैठे थे, गाड़ी से टकराया बिजली का तार

बताया जा रहा है कि मजदूर कैबिन में बैठे थे तभी बिजली का तार टकराया और उन्हें करंट लगा। गनीमत रही कि तार टूटा नहीं। अगर तार टूटता तो बड़ा हादसा हो सकता था। केला भरने गए थे, लेकिन उस समय गाड़ी खाली थी। सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

लोकसभा चुनाव को लेकर करेंगे चर्चा

## आज खंडवा आएंदे इंदौर महापौर पुष्पमित्र भार्गव



**खंडवा।** लोकसभा चुनाव 13 मई को होने जा रहे हैं। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा लोकसभा क्षेत्र से इस बार फिर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल भारी मतों से निर्वाचित हो और फिर और फिर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करें जिसको लेकर पूरे संसदीय क्षेत्र में विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुए, वही मोर्चा एवं प्रकोष्ठों की बेठके भी आयोजित की जा रही है। चुनाव को लेकर 16 अप्रैल मंगलवार को इंदौर के महापौर पुष्पमित्र भार्गव खंडवा प्रवास पर पहुंचेंगे। पार्टी संगठन के कार्यक्रम के अनुसार इंदौर महापौर भार्गव प्रातः 11:00 बजे भाजपा कार्यालय में युवा मोर्चे के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे दोपहर 12:30 बजे भार्गव जिला अस्पताल के सामने लायन्स भवन में जैन समाज के सामाजिक बंधुओ से रूबरू होंगे, दोपहर 1:30 जिला अस्पताल में लायंस द्वारा चलाई जा रही भोजनशाला में पहुंचेंगे,भार्गव दोपहर 2:00 बजे गांधीनगर में वाल्मीकि समाज की बैठक को संबोधित करेंगे। शाम 5:00 बजे भार्गव प्रबुद्ध जनों से मुलाकात करेंगे रात्रि 8:00 बजे नार्मदीय ब्राह्मण समाज के सामाजिक बंधुओ से मुलाकात करेंगे।

## 'किसान भाई फसलों की नरवाई को न जलाएं, मिट्टी को नष्ट होने से बचाएं'

**खण्डवा।** उप संचालक कृषि के.सी. वास्केल ने किसान भाईयों से कहा है कि अभी हाल ही में गेंहू, गन्ना किसी भी फसल की कटाई हो चुकी है, जो कि अपने मध्यप्रदेश या सम्पूर्ण भारत में अधिकतर किसान भाई हार्वेस्टर से कटाई करते है। इसके बाद जो डंठल होता है या फसल का अवशेष जमीन में लगा हुआ 90 प्रतिशत भाग बच जाता है उसको हम नष्ट करने के लिए अपने ही खेत में किसान एक सरल रास्ता चुनते हैं जो कि आसानी से आग लगा देते है।

उप संचालक कृषि वास्केल ने कहा है कि नरवाई में आग लगाना कृषि के लिये नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण विगत वर्षों में गंभीर स्वरूप की अग्नि दुर्घटनाएं घटित हुई हैं तथा व्यापक संपत्ति की हानि हुई है। ग्रीष्म ऋतु में बढ़ते जल संकट में इससे बढ़ोत्तरी तो होती ही है, साथ ही कानून व्यवस्था के लिये विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती है। नरवाई जलाने से खेत की आग के अनियंत्रित होने पर जन, धन, संपत्ति, प्राकृतिक वनस्पति एवं जीव जंतु आदि नष्ट हो जाते हैं, जिससे व्यापक नुकसान होता है। खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु इससे नष्ट होते है। जिससे खेत की उर्वरा शक्ति शनैः शनैः घट रही है और उत्पादन प्रभावित हो रहा है। खेत में पड़ा कचरा भूसा डंठल सड़ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते हैं। जिन्हें जलाकर नष्ट करना ऊर्जा को नष्ट करना है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है।



## किसान के घर में घुसा तेंदुआः रात भर दहशत में रहे ग्रामीण सुबह विभाग की टीम ने पकड़कर वन विहार भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर



सीहोर जिले के दूरस्थ ग्राम किशनपुर में एक किसान के घर में शनिवार रात एक तेंदुआ घुस गया। इस घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। रविवार को उस तेंदुए को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। वन अमले ने तेंदुए को रेस्क्यू कर वन विहार भोपाल भेज दिया। लाड़कुई वन परिक्षेत्र अधिकारी ओम प्रकाश उइके ने बताया कि तेंदुए ने किसी को हानि नहीं पहुंचाई और न ही तेंदुए को कोई हानि हुई है।

जानकारी के अनुसार शनिवार की रात करीब 8 बजे लाड़कुई के ग्राम किशनपुर में एक किसान प्रहलाद सिंह के घर में तेंदुआ घुस गया। ग्रामीणों ने तेंदुए को घर में घुसते हुए देख लिया। तेंदुए को भगाने के लिए ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों के तेंदुए को भगाने के लिए शोर मचाया। शोर से तेंदुए डर गया, लेकिन भागा नहीं। वो घर में छुपा रहा। तेंदुआ घर में बने ओटले पर जाकर बैठ गया।

### ग्रामीणों ने भी किया प्रयास

कुछ ग्रामीणों ने साहस का परिचय देते हुए स्वयं भी बर्तन आदि बजाकर तेंदुए को भगाने का प्रयास किया। लेकिन तेंदुआ घर से नहीं निकला। जिस ग्रामीण के घर में तेंदुआ घुसा उसने भी अपने स्तर पर तेंदुए को भगाने की कोशिश की थी, लेकिन सारे प्रयास न काफी साबित हुए।

सूचना मिलने पर तेंदुए का रेस्क्यू करने पहुंचे वन विभाग के अधिकारी सहित वनकर्मी ग्राम में तैनात हो गया, लेकिन रेस्क्यू सुबह शुरू हुआ। इस मामले में वन विभाग के क्षेत्र के रेंजर प्रकाश ऊइके ने बताया कि भोपाल से रेस्क्यू टीम को बुलाया गया था, अभी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वन विभाग भोपाल की टीम की मदद से तेंदुए को पकड़ कर भोपाल वन विहार भेजा गया।

मतदाताओं को किया जागरूक

## 'प्रत्येक वोट जरूरी है' विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत "प्रत्येक वोट जरूरी है" विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है।

चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि उचण्उलहवअण्पद पोर्टल पर गुरूवार 25 अप्रैल तक भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी।

### निगरानी दल ने देशी शराब जब्त की

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट स्थापित किये गये है ताकि अन्य जिलों से हरदा जिले में आने जाने वाले वाहनों पर लगातार नजर रखी जा सके। स्थैतिक निगरानी दल व फ्लाईंग स्क्वायड के जिला नोडल अधिकारी एवं होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट मयंक जैन ने बताया कि जांच के दौरान सोमवार को टेमागांव चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान उसकल्ली निवासी रामभरोसे धुर्वे के पास से देशी शराब के 25 क्वाटर जप्त किये गये, जिसकी कीमत 1625 रूपये है।

## मतदाताओं को शपथ दिलाकर की मतदान की अपील

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए हरदा जिले में 7 मई को मतदान होगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने के लिये विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में नगर परिषद खिरकिया द्वारा सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत वार्ड क्रमांक 8 व 9 झंडा रैली निकाली गई। इस दौरान उपस्थित नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इसी तरह हरदा के आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 29 में टीकाकरण के लिये गर्भवती व धात्री माताओं को लोकसभा निर्वाचन के लिये 7 मई को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

कलेक्टर आदित्य सिंह ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान के लिए व्यवस्थाएं जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा

लोकसभा निर्वाचन के लिये सभी मतदाता स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से मतदान कर सकें, इसके लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। यह निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन के नोडल अधिकारियों की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि प्रतिदिन मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित कर सभी से 7 मई को लोकसभा निर्वाचन के लिये मतदान करने की अपील की जाए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा तथा डिप्टी कलेक्टर संजीव नागू सहित लोकसभा निर्वाचन के अन्य नोडल अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिये कि वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान में कोई परेशानी न आये, इसके लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। बैठक में उन्होने कहा कि सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची व्यवस्थित तरीके से वितरित करा दी जाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला परिवहन अधिकारी को मतदान दलों को मतदान केन्द्र तक ले जाने व वापस लाने के लिये पर्याप्त संख्या में वाहनों का अधिग्रहण करने के निर्देश भी दिये। उन्होने कहा कि ईवीएम परिवहन करने वाले प्रत्येक वाहन में जीपीएस सिस्टम अनिवार्यतः लगवाया जाए ताकि वाहन की लोकेशन ट्रेक की जा सके।

## मतदाता जागरूकता गतिविधि संपन्न




**रहटगांव।** ग्रामीण आजिविका मिशन के स्व सहायता समूहों द्वारा ग्राम रहटगांव में स्वीप गतिविधि के तहत रंगोली बनाकर मतदान की अपील की गई। इस अवसर पर कुर्सी दौड़, रस्साकसी, और चम्मच दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही मतदाता जागरूकता रैली भी आयोजित की गई। इस अवसर पर महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी ,स्वच्छ भारत मिशन जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश शुक्ला, जिला परियोजना प्रबंधक, एन.आर.एल.एम. रामनिवास कालेश्वर भी उपस्थित थे।

## जागरूकता ध्वज रैली निकली



**रहटगांव।** ग्राम पंचायत आमसागर में आज मतदाता जागरूकता ध्वज रैली निकाली गई। सचिव कैलाश बिलारे द्वारा आगामी लोक सभा निर्वाचन 7 मई को अधिक से अधिक मतदान करने की समझाईश दी गई। आज की मतदाता जागरूकता रैली में बीएलओ श्रवण मरकाम आगनबाड़ी कार्यकता स्नेल लता तिवारी सहायक सचिव दीपक धोषिया सेल्समेम अनिल धुर्वे आशा कार्यकर्ता गुलाब बाई राजकुमार मंडराई सुरेंद्र रामवती बाई भगवती बाई आदि महिला पुरुष उपस्थिति रहे।

बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा

## महिलाओं व बच्चों के समग्र विकास के लिए 'विशेष अभियान' प्रारम्भ होगा



**हरदा।** महिलाओं एवं बच्चों के समग्र विकास के लिये जिला प्रशासन लोकसभा निर्वाचन के बाद विशेष अभियान प्रारम्भ करेगा। इस अभियान के तहत बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य तथा महिलाओं के स्वास्थ्य व स्वरोजगार सहित उनके सर्वांगीण विकास की व्यवस्था की जाएगी। अभियान की प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में विस्तार से की। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संजय त्रिपाठी, जिला शिक्षा अधिकारी पी.एम. सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, डीपीसी जाटव, एनआरएल के डीपीएम रामनिवास कालेश्वर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि पहले चरण में लगभग 50 गांव शामिल कर वहां की महिलाओं व बच्चों के लिये शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इस कार्य में जिला प्रशासन शासकीय संसाधनों के साथ-साथ अशासकीय समाज सेवी संगठनों का सहयोग भी लेगा। इससे पूर्व चिन्हित किये गये गांवों में शीघ्र ही विस्तृत सर्वे प्रारम्भ किया जाएगा।